भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

हुमायूं का मकबरा-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक समूह के लिए धरोहर उप नियम

Heritage Byelaws for Humayun’s Tomb- Sunder Nursery- Batashewala group of monuments

विषयवस्तु

	अध्याय-I **प्रारंभिक**	
1.0	अधिसूचना, संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ	01
1.1	परिभाषाएँ	01
	अध्याय-II **प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि**	
2.0	अधिनियम की पृष्ठभूमि	04
2.1	धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध	04
2.2	आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियाँ (जैसा कि नियम में बताया गया है)	05
	अध्याय-III **हुमायूं का मकबरा- सुंदर नर्सरी बताशेवाला- स्मारक समूह के केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों की अवस्थिति**	
3.0	स्मारकों का स्थान एवं अवस्थिति	05
3.1	स्मारकों की संरक्षित चारदीवारी	07
	3.1.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) अभिलेख (रिकॉर्ड के) अनुसार अधिसूचित मानचित्र / योजना:	07
3.2	स्मारकों / स्थलों का इतिहास	09
3.3	स्मारकों का विवरण (वास्तुकला विशेषताएँ, तत्व, सामग्री आदि)	13
3.4	वर्तमान स्थिति	23
	3.4.1 स्मारकों की स्थिति, स्थिति का मूल्यांकन	23
	3.4.2 दैनिक पदार्पण व कभी - कभार जुटने वाली भीड़	23
3.5	राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एन.एम.ए.) वर्गीकरण	24
	अध्याय-IV **स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में, यदि कोई है, तो विद्यमान क्षेत्रीयकरण**	
4.0	स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में विद्यमान क्षेत्रीयकरण	24
4.1	'दिल्ली मुख्य योजना (दिल्ली मास्टर प्लान)'' 2021 के वर्तमान दिशा-निर्देश संलग्नक - I में देखे जा सकते हैं।	25

अध्याय-V प्रथम अनुसूची, और टोटल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना		
5.0	स्मारकों की समोच्च योजना (कंटूर प्लान)	26
5.1	सर्वेक्षण किए गए विवरण (डाटा) का विश्लेषण	26
	5.1.1, प्रतिषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण	26
	5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण	26
	5.1.3 हरित/खुले स्थलों का विवरण	27
	5.1.4 परिसंचरण सड़कों,पैदलपथों (फुटपाथ्स) आदि के अंतर्गत आवरण क्षेत्र	27
	5.1.5 भवनों की ऊंचाई क्षेत्र वार (जोन वाइज)	27
	5.1.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के भीतर राज्य संरक्षित स्मारक और यदि उपलब्ध हो तो स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध भवन:	28
	5.1.7 जन सुविधाएँ	28
	5.1.8 स्मारकों तक पहुँच	28
	5.1.9 अवसंरचनात्मक सुविधाएं (जल आपूर्ति, वर्षा के पानी की निकासी, मल प्रवाह, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि):	29
	5.1.10 स्थानीय निकायों के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीयकरण (जोनिंग):	29
अध्याय-VI स्मारक का,स्थापत्य ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व		
6.0	स्थापत्य,ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व	30
6.1	स्मारकों की संवेदनशीलता (अर्थात विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव आदि):	30
6.2	संरक्षित स्मारक अथवा क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता:	31
6.3	भूमि के उपयोग की पहचान	31
6.4	संरक्षित स्मारकों के अतिरिक्त पुरातात्विक धरोहर अवशेष	31
6.5	सांस्कृतिक भू-दृश्य:	32
6.6	महत्वपूर्ण प्राकृतिक भू-दृश्य जो सांस्कृतिक भू-दृश्य के हिस्से हैं तथा जो स्मारक को पर्यावरणीय प्रदूषण से बचाने में भी मदद करते हैं।	32
6.7	खुले स्थान का उपयोग और निर्माण-कार्य	32
6.8	परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यकलाप	32
6.9	स्मारकों और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाली क्षितिज (स्काई लाइन):	33

6.10	स्थानीय वास्तुकला	33
6.11	स्थानीय प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध विकासात्मक योजना	33
6.12	भवन संबंधी मापदंड:	34
6.13	पर्यटक सुख-सुविधाएं	35
अध्याय-VII **स्थल विशिष्ट संस्तुतियॉ**		
7.0	स्थल विशिष्ट अन्य संस्तुतियॉ	35
7.1	स्मारक विशेष के लिए प्रस्तावित संस्तुतियॉ	35
7.2	विनियमित क्षेत्र के लिए अन्य दिशा निर्देश	35

CONTENTS

CHAPTER I **PRELIMINARY**		
1. 0	Notification and Short title, Extent and Commencement	37
1. 1	Definitions	37
CHAPTER II **BACKGROUND OF THE ANCIENT MONUMENTS AND ARCHAEOLOGICAL SITES AND REMAINS (AMASR) ACT, 1958**		
2.0	Background of the Act	39
2.1	Provision of Act related to Heritage Bye-Laws	40
2.2	Rights and Responsibilities of Applicant(as laid down in Rules)	40
CHAPTER III **LOCATION AND SETTING OF CENTRALLY PROTECTED MONUMENT OF HUMAYUN'S TOMB-SUNDER NURSERY- BATATSHEWALA GROUP OF MONUMENTS**		
3.0	Location and Setting of the Monuments	41
3.1	Protected boundary of the Monuments	42
	3.1.1 Notification Map/ Plan as per ASI records:	42
3.2	History of the Monuments	44
3.3	Description of Monuments (Architectural features, Elements, Materials etc.)	47

3.4	Current Status:	
	3.4.1 Condition of Monuments – condition assessment	55
	3.4.2 Daily footfalls and Occasional gathering numbers	55
3.5	NMA Categorization	56
	CHAPTER IV **EXISTING ZONING, IF ANY, IN THE LOCAL AREA DEVELOPMENT PLAN**	
4.0	Existing Zoning in the local area development plans	56
4.1	Existing Guidelines of the local bodies as per Delhi Master Plan 2021(Annexure-I)	57
	CHAPTER V **INFORMATION AS PER FIRST SCHEDULE AND TOTAL STATION SURVEY**	
5.0	Contour Plan of the Monuments	57
5.1	Analysis of surveyed data:	58
	5.1.1 Prohibited Area and Regulated Area details	58
	5.1.2 Description of built up area	58
	5.1.3 Description of green/open spaces	58
	5.1.4 Area covered under circulation – roads, footpaths etc.	59
	5.1.5 Height of buildings (zone-wise)	59
	5.1.6 State protected monuments and listed Heritage Buildings	59
	5.1.7 Public amenities	59
	5.1.8 Access to monuments	60
	5.1.9 Infrastructure services	60
	5.1.10 Proposed zoning of the	61
	CHAPTER VI **ARCHITECTURAL, HISTORICAL AND ARCHAEOLOGICAL VALUE OF THE MONUMENT**	
6.0	Historical and archaeological value	61
6.1	Sensitivity of the monuments	61
6.2	Visibility from the protected monuments or area and visibility from Regulated Area	62
6.3	Land-use to be identified	62
6.4	Archaeological heritage remains other than protected monuments	62
6.5	Cultural landscapes	62
6.6	Significant natural landscapes	62
6.7	Usage of open space and constructions	63
6.8	Traditional, historical and cultural activates	63
6.9	Skyline as visible from the monuments and from Regulated Areas	63
6.10	Vernacular architecture	64
6.11	Developmental plan as available by the local authorities	64
6.12	Building related parameters	64
6.13	Visitor facilities and amenities	65
	CHAPTER VII **SITE SPECIFIC RECOMMENDATIONS**	

7.0	Other Site Specific Recommendations	65
7.1	Proposed recommendations for specific monuments	65
7.2	Other guidelines for the Regulated Area	66

संलग्नक/ANNEXURES

संलग्नक-I	स्थानीय निकाय दिशा-निर्देश	67
Annexure-I	Local Bodies Guidelines	69
संलग्नक-II	दृश्य विश्लेषण	71
Annexure-II	Visual Analysis	71
संलग्नक-III	हुमायूं के मकबरे के परिसर, सुंदर नर्सरी और बताशेवाला परिसर में स्मारकों के लिए विस्त्रत जानकारी प्रदान करने वाले मानचित्र	73
Annexure-III	Maps providing detailed information for Monuments in the Humayun’s Tomb complex, Sunder Nursery and the Batashewala complex	74

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

....

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 जिसे प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप नियम बनाना और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम (22) के साथ पढ़ा जाए, की धारा 20ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय संरक्षित स्मारक हुमायूं का मकबरा-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक समूह के लिए निम्नलिखित प्रारूप धरोहर उप नियम जिन्हें आगा खाँ संस्कृति न्यास के साथ परामर्श करके सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य निष्पादन) नियम, 2011 के नियम 18, उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित सभी व्यक्तियों की आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतत् द्वारा 09.01.2019 को प्रकाशित किया गया था।

यथा विनिर्दिष्ट दिनांक से पहले प्राप्त आपत्ति/सुझाव, पर सक्षम प्राधिकारी के परामर्श से राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विधिवत विचार किया गया है।

इसलिए, अब प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20 (ई) के खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण, निम्नलिखित उपनियम बनाता है, नामत: -

धरोहर उप नियम
अध्याय-I
प्रारंभिक

1.0 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ-

(i) इन उप नियमों को केंद्रीय संरक्षित स्मारक हुमायूं का मकबरा- सुंदर नर्सरी-बताशेतवाला स्मारक समूह के राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप नियम,2019 कहा जाएगा।

(ii) ये स्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगे।

(iii) ये उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

1.1 परिभाषाएॅ-

(1) **इन उप नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:-**

(क) "प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या संस्मारक, या कोई स्तूप या दफ़नगाह,या कोई गुफा,शैल-रूपकृति,उत्कीर्ण लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय या कलात्मक रूचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्‌यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत हैं-

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,
(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,
(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा प्रभाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ख) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या परिशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्त रूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्‌यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा प्रभाग जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा
(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ग) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 (1958 का 24) है;

(घ) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक पुरातत्व अधीक्षक से निम्नतर पंक्ति का नहीं है;

(ङ) "प्राधिकरण" से धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त की पंक्ति से अनिम्न या समतुल्य पंक्ति का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्रीय सरकार द्‌वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्‌वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

परन्तु केंद्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्‌वारा, धारा 20ग, 20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(छ) "निर्माण" से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुर्ननिर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जल निकास संकर्मों तथा सार्वजनिक शौचालयों- मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जल के प्रदाय का उपबंध करने के लिए आशयित संकर्मों का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत के प्रदाय और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए उपबंध नहीं हैं;]

(ज) "तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.) से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र का (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;
तल क्षेत्र अनुपात= भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(झ) "सरकार" से आशय भारत सरकार है;

(ञ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे आच्छादित करना, उसकी मरम्मत करना, उसे पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधापूर्ण पहुॅच सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ट) "स्वामी" के अंतर्गत हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियॉ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक- उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तरवर्ती;

(ठ) "परिरक्षण" से आशय किसी स्थान की विद्यमान स्थिति को मूलरूप से बनाए रखना और खराब स्थिति को धीमा करना है;

(ड) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20क के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;]

(ढ) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(त) “विनियमित क्षेत्र” से धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(थ) “पुर्ननिर्माण” से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्‌यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी समान क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएँ हैं;

(द) “मरम्मत और नवीकरण” से किसी पूर्व विद्‌यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुर्ननिर्माण नहीं होंगे।]

(2) यहां प्रयोग किए शब्द और अभिप्राय जो परिभाषित नहीं हैं उनका वही अर्थ होगा जो अधिनियम में दिया गया है।

अध्याय II

प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि

2.0 **अधिनियम की पृष्ठभूमि**: धरोहर उपनियमों का उद्देश्य केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) **प्रतिषिद्ध क्षेत्र,** यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित स्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 100 मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) **विनियमित क्षेत्र,** यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में 200 मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून,1992 से पूर्व मौजूद था अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना निर्माण, पुर्ननिर्माण, मरम्मत अथवा नवीकरण की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

2.1 धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958, खंड 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम धरोहर उप नियमों का निर्माण)2011, नियम 22 में केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के लिए उप नियम बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप नियम बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें तथा कार्य संचालन) नियम,2011, नियम 18 में प्राधिकरण द्‌वारा धरोहर उप नियमों को अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

2.2 आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियॉ: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, धारा 20ग,1958 में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और नवीकरण अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत या नवीकरण के लिए आवेदन का विवरण नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विनिर्दिष्ट है:

(क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून,1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था अथवा जिसका निर्माण इसके उपरांत महानिदेशक के अनुमोदन से हुआ था तथा जो ऐसे भवन अथवा संरचना का किसी प्रकार की मरम्मत अथवा नवीकरण का काम कराना चाहता है, जैसा भी स्थिति हो, ऐसी मरम्मत और नवीकरण को कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ख) कोई व्यक्ति जिसके पास किसी विनियमित क्षेत्र में कोई भवन अथवा संरचना अथवा भूमि है और वह ऐसे भवन अथवा संरचना अथवा जमीन पर कोई निर्माण, अथवा पुननिर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण का कार्य कराना चाहता है, जैसी भी स्थिति हो, निर्माण अथवा पुर्ननिर्माण अथवा मरम्मत अथवा नवीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदनकर सकता है।

(ग) सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम,2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

अध्याय III

हुमायूं का मकबरा-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक समूह के केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों की अवस्थिति :

3.0 स्मारकों का स्थान एवं अवस्थिति:-

विश्व विरासत स्थल हुमायूं का मकबरा, नई दिल्ली के मध्य में स्थित और सौ से अधिक स्मारकों वाला यह क्षेत्र भारत में मध्यकालीन इस्लामिक इमारतों के घने समूहों में से एक है। घनी आबादी वाली हजरत निजामुद्दीन बस्ती और भी महत्वपूर्ण है जो अपनी बहुलवादी परंपराओं के लिए सात सौ वर्षों की "जीवंत संस्कृति" का भंडार है। यहॉ स्थित कई स्मारक, जिसमें हुमायूं का मकबरा भी शामिल है, हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह की वजह से हैं। संत की दरगाह के आस-पास बस्ती बन गई है और यहॉ कई महत्वपूर्ण मकबरे भी बनाए गए। दरगाह से कुछ दूर स्थित हुमायूं का मकबरा, सुंदर महल और ख़ान-ए-ख़ाना का मकबरा जैसी अन्य संरचनाऍ खुली जगह में दूर तक फैली हैं। समय के साथ-साथ ये स्मारक विकास के घेरे में आ गए हैं और विभिन्न भागों में बॅट गए हैं। इनकी निकटता, वर्तमान संदर्भ और विकास मॉग के आधार पर निम्नलिखित स्मारकों को तीन समूहों में बॉटा गया है:-

परिसर का नाम	क्रम सं.	पहचान (आई.डी)	स्मारक
हुमायूं का मकबरा परिसर	1	a21	हुमायूं का मकबरा
	2	a25	ईसा खान का मकबरा
	3	a8	बाग-ए-बू हलीमा
	4	a24	अफसर वाला मकबरा
	5	a14	अफसर वाला मस्जिद
	6	a23	सब्ज बुर्ज
	7	a28	खान-ए-खाना का मकबरा
	8	a7	अरब सराय इंद्रपत में
	9	a22	नीला गुंबद
	10	a9	अरब की सराय के पूर्वी प्रवेश द्वार जिसके सामने हुमायूं का मकबरा है
	11	a10	अरब की सराय का उत्तरी प्रवेश द्वार जो पुराना किला की ओर है।
सुंदर नर्सरी	12	a13	सुंदरवाला महल
	13	a12	सुंदरवाला बुर्ज
	14	a11	लक्कड़वाला बुर्ज
बताशेवाला परिसर	15	a6	अज्ञात मकबरा
	16	a1	छोटा बताशेवाला
	17	a 4	बड़ा बताशेवाला

तालिका1: हुमायूं का मकबरा स्मारक समूह में संरक्षित स्मारकों की सूची

आज 'हुमायूं का मकबरा परिसर' के इर्द-गिर्द हरित प्रतिरोधक (बफर) है जिसमें निर्दिष्ट डिस्ट्रिक्ट पार्क, पुराना किला हरित प्रतिरोधक (बफर), चिड़ियाघर, सुंदर नर्सरी शामिल है। स्थल के बिल्कुल आस-पास के क्षेत्र में कुछ संस्थागत इमारतें भी हैं जैसे अरब की सराय के पास आई.टी.आई., गुरूद्वारा, बी.एस.एफ. कैंप, एम.सी.डी. स्टोर और न्यू हॅराइज़ॅन स्कूल।

हुमायूं के मकबरे के उत्तर में स्थित 27 हैक्टेयर की सुंदर नर्सरी ऐतिहासिक ग्रांड ट्रंक रोड पर स्थित है और इसमें अज़ीमगंज सराय, सुंदरवाल बुर्ज, सुंदरवाला महल और लक्कड़वाला बुर्ज जैसे सोलहवीं शताब्दी के महत्वपूर्ण स्मारक स्थित हैं। सुंदर नर्सरी की स्थापना वर्ष 1910 में नई दिल्ली के निर्माण और विकास हेतु संयंत्र पौधा घर (प्लांट नर्सरी) के रूप में की गई थी।

नर्सरी से जुड़े और इसके दक्षिण-पूर्व में बताशेवाला परिसर है, जिसमें तीन केन्द्रीय संरक्षित स्मारक स्थित हैं। हुमायूं के मकबरे के परिसर के दक्षिण में निजामुद्दीन पूर्व और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तथा इसके पश्चिम में मथुरा रोड है।



चित्र 1, हुमायूं का मकबरा- सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक समूह के केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों की स्थिति दर्शानेवाला गूगल मानचित्र

3.1 स्मारकों की संरक्षित चारदीवारी:

हुमायूं का मकबरा-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक परिसर में केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों की स्थिति और संरक्षित चारदीवारी के लिए संलग्नक- III में मानचित्र- 1 और मानचित्र- 2 देखें।

3.1.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अभिलेख (रिकार्ड) के अनुसार अधिसूचित मानचित्र/योजना:

इस क्षेत्र में कुल सत्रह केन्द्रीय संरक्षित स्मारक स्थित हैं। इनकी स्थिति और अधिसूचना की तारीख नीचे दी गई है;

क्र. सं.	पहचान (आई.डी.)	स्मारक	अधिसूचना की तारीख	अधिसूचना की संख्या	स्थिति
1	a1	छोटा बताशेवाला महल	21 जून, 1924	3201	घियासपुर,बताशेवाला परिसर
2	a4	बड़ा बताशेवाला महल	21 जून, 1924	3201	घियासपुर, बताशेवाला परिसर
3	a6	अज्ञात मकबरा घियासपुर में	21 जून, 1924	3201	घियासपुर
4	a7	अरब सराय इंद्रपत में	17 सितंबर, 1927	6428	मौजा इंद्रपत में पट्टी घियासपुर, हुमायूं का मकबरा के दक्षिण में
5	a8	अरब सराय के प्रवेश द्वारों के अवशेष और अरब सराय के निकट अबादी बाग बू हलीमा	14 मार्च,1914		अरब सराय गांव के नजदीक
6	a9	अरब की सराय के पूर्वी प्रवेश द्वार जिसके सामने हुमायूं का मकबरा है	8 मार्च,1913	1717	हुमायूं का मकबरा परिसर के दक्षिण में, निजामुद्दीन पूर्व
7	a10	अरब सराय का उत्तरी प्रवेश द्वार जो पुराना किला कि ओर है।	8 मार्च,1913	1717	हुमायूं का मकबरा परिसर, अरब सराय गाँव के नजदीक
8	a11	लक्कड़वाला मकबरा इंद्रपत एस्टेट में	14 दिसम्बर,1927	8903	सुंदर नर्सरी
9	a12	सुंदरवाला बुर्ज इंद्रपत एस्टेट में	14 दिसम्बर,1927	8903	हुमायूं का मकबरा के उत्तर में, सुंदर नर्सरी
10	a13	सुंदरवाला महल इंद्रपत एस्टेट में	14 दिसम्बर,1927	8903	सुंदर नर्सरी, सुंदरवाला बुर्ज के पूर्वोत्तर में
11	a14	अफसरवाला की	24 मई,1913	3920	अरब सराय की पूर्वी

		मस्जिद, दालानों और पक्के दरबार सहित			चारदीवारी के भीतर
12	a21	हुमायूं का मकबरा	24 मई,1913	3920	हुमायूं का मकबरा परिसर
13	a22	नीला गुंबद, निजामुद्दीन	24 मई,1913	3920	हुमायूं का मकबरा परिसर के पूर्व में, रेलवे स्टेशन के उत्तर में
14	a23	नीली छत्री, सब्ज बुर्ज	3 जून,1916	3704	निजामुद्दीन पूर्व, मथुरा रोड और लोधी रोड के गोल चक्कर पर
15	a24	अफसरवाला का मकबरा	24 मई,1913	3920	अफसरवाला की मस्जिद के नजदीक दक्षिण में
16	a28	ईसा ख़ां का मकबरा	24 मई,1913	3920	हुमायूं का मकबरा परिसर, निजामुद्दीन
17	a28	खान-ए-खाना का मकबरा	20 मार्च,1916		निजामुद्दीन पूर्व

तालिका 2 : स्मारकों के अधिसूचित क्षेत्र और स्थिति

[अधिसूचना और राजस्व मानचित्र की प्रति मानचित्र-3, अनुबंध- III में देखी जाए]

3.2 स्मारकों/स्थलों का इतिहास :

निजामुद्दीन क्षेत्र में हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती, हुमायूं का मकबरा परिसर-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला परिसर-निज़ामुद्दीन पूर्व और पश्चिम का रिहायशी इलाका शामिल है। इसको भारत में मध्यकालीन स्मारकों के घने समूहों में से एक माना जाता है। दिल्ली पर शासन करने वाले लगभग प्रत्येक राजवंश-गुलाम राजवंश के नाम से प्रसिद्ध, इल्बारी तुर्क, खिलजी, तुगलक, लोदी, सूर और मुगल सभी ने यमुना नदी के तट पर बसे इस छोटे से ऐतिहासिक, भौगोलिक क्षेत्र में बेहतरीन इमारतें बनवाईं।

1265 ईस्वी में तख्त पर बैठने से पहले घियास-उद-दीन बलबन ने 13वीं शताब्दी के मध्य में यहॉ महल बनवाया था। इस इलाके को घियासपुर कहा गया। इसका महल लाल महल के नाम से प्रसिद्ध हुआ, इसमें एक केन्द्रीय गुंबद था। यह भारत के उन इस्लामी महल इमारतों में से है जिसमें गुंबद और वास्तविक मेहराबों (ट्रू आर्चेज) का प्रयोग किया गया है। प्रसिद्ध यात्री इब्न-बतूता ने दिल्ली के अपने प्रवास के दौरान इस महल का उपयोग किया था। आज लाल महल निजी (प्राइवेट) रिहायश है जिसके कुछ भागों को वर्ष 2008-09 में गिरा दिया गया था।

इस क्षेत्र का महत्व हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया से है, जो 14वीं शताब्दी के सम्मानित सूफी संत थे, जिन्होंने घियासपुर को अपने खानकाह के रूप में चुना। अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल (1295-1315 ईस्वी) में बड़े पैमाने पर निर्मित शानदार जमात खाना मस्जिद परिसर की शानदार संरचनाओं में से एक है। वर्ष 1320 ईस्वी में मस्जिद और बावड़ी के निर्माण से घियासपुर में घनी आबादी के होने का अथवा हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया के आशीर्वाद पाने के लिए बड़ी संख्यामें आने वाले श्रद्धालुओं का पता चलता है। बावड़ी न केवल स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के पेयजल की आवश्यकता को पूरा करती होगी बल्कि मस्जिद में नमाज़ के लिए वुजु करने के काम भी आती होगी।

संत ने ध्यान लगाने के लिए यमुना नदी के किनारे को चुना और इस उद्देश्यनार्थ यहॉ चिल्लगाह का निर्माण किया और इस संरचना के पास ही दो शताब्दियों बाद शानदार मकबरों में प्रथम हुमायूं के मकबरे का निर्माण किया गया। हुमायूं के मकबरे की पूर्वी चारदीवारी में हज़रत निज़ामुद्दीन के चिल्लगाह के भाग उपस्थित हैं।

संत की मृत्यु होने पर उन्हें जमात ख़ाना मस्जिद के प्रांगण में दफनाया गया और यह क्षेत्र ''निज़ामुद्दीन'' कहलाने लगा। लगभग 700 वर्षों से तीर्थ यात्री संत की दरगाह पर आ रहे हैं। यहॉ बहुत सी और भी कब्रें हैं क्योंकि संत की कब्र के पास दफनाए जाने को शुभ माना जाता है। संत की मृत्यु के छह माह के भीतर ही उनके बेहद प्रिय शिष्य, महान कवि, अमीर खुसरो का भी देहांत हो गया क्योंकि वे अपने धार्मिक गुरू के निधन के दुख को सह नहीं पाए। आज तक भी हज़रत अमीर खुसरो (1253-1325 ईस्वी) ने लगभग 700 वर्षो से दक्षिण एशियाई महाद्वीप के भारतीय फारसी सांस्कृतिक दृश्य में अपना सम्मानजनक स्थान बना रखा है। निश्चित तौर पर वे हिंदुस्तानी संस्कृति के प्रवर्तक रहे हैं जो हिंदू और मुस्लिम तत्वों से बनी है। वे चिश्तिया संघ को भी मानते थे। वे दिल्ली के कम से कम सात बादशाहों के दरबार से जुड़े थे।

मुहम्मद बिन तुगलक हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते थे। मुहम्मद बिन तुगलक नें सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया था, जिन्हें अब नाला कहा जाता है। निज़ामुद्दीन के पश्चिमी और दक्षिणी छोर पर बारापुला नाला स्थित है और इसे अभी ढका नहीं गया है बल्कि वर्ष 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए इस पर एक ऊॅची सड़क बना दी गई थी।

तुगलक काल के दौरान यहॉ दो महत्वपूर्ण भवन बनाए गए, 1370-1371 ईस्वी में कलान मस्जिद और फिरोज़ शाह तुगलक के प्रधानमंत्री खान-ए-जहान जुनान शाह तिलंगानी का मकबरा। मस्जिद और मकबरा हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती के दक्षिणी छोर पर स्थित हैं और मूल रूप से अहाते के भीतर थे जिनके कुछ अवशेष ही अब बाकी हैं। यह मकबरा भारत के सबसे पहले के अष्टकोणीय मकबरों में गिना जाता है अब इसमें कई परिवार रह रहे हैं। मुगल काल में बहुत बाद तक हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की बावड़ी के आस-पास इमारतें बनती रहीं, जिनमें से दक्षिणी वीथिका 1379-80 ईस्वी की है।

क्षेत्र में मकबरे बनाने का कार्य लोदी काल में भी चलता रहा और जबकि लोदी वंश के महत्वपूर्ण राजसी मकबरे हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह से लगभग एक मील दूर पूर्व

दिशा में बनाए गए। तब भी बारहखम्भा, गोलगुंबद और दो सिरिहया गुबंद जैसे मकबरे हज़रत निज़ामुद्दीन बस्ती के भीतर ही बनाए गए।

मुगलों के आने के बाद ही निज़ामुद्दीन क्षेत्र में बाग वाले मकबरे बनाए गए। यहॉ तक कि मुगल काल के पहले के भवन भी यहीं बनाए गए थे। नीला गुंबद दिल्ली में मुगल काल के प्रारंभिक भवनों में से एक है। यह हज़रत निज़ामुद्दीन के चिल्लगाह से कुछ दूर दक्षिण दिशा में एक नदी के द्वीप पर स्थित है। इसका गुंबद, टाईल का काम और पलस्तर का काम फारसी कला से प्रभावित हैं। मथुरा रोड के यातायात सड़क-द्वीप (ट्रैफिकआईलैण्ड) में स्थित सब्ज बुर्ज शायद नीला गुंबद का समकालीन है, अत: हुमायूं के मकबरे से पहले का है। बाई कोकलदाई का 1541 ईस्वी का मकबरा भी है, जो हजरत निजामुद्दीन बस्ती के पश्चिमी छोर पर स्थित है, इसे शेरशाह सूरी ने बनबाया था जिसमें हाल ही तक लोग रहते थे।

भारत के पूर्वी छोर से पेशावर और आगे पश्चिम तक फैली ग्रांड ट्रंक रोड सोलहवीं शताब्दी की है, जो निज़ामुद्दीन क्षेत्र से गुजरती है और सुंदरवाला परिसर के नजदीक और समकालीन मकबरे-लक्कड़वाला बुर्ज से निकलती है। अत: पूर्वी छोर पर नदी और जी.टी. रोड के साथ, निज़ामुद्दीन प्रमुख मध्यकालीन यातायात मार्गों पर स्थित था जिससे लोगों और सामान की आवाजाही में आसानी होती थी। जी.टी. रोड वर्तमान मथुरा रोड के रास्ते पर ही रहता यदि ब्रिटिश काल में नई दिल्ली के निर्माण के दौरान इसमें बदलाव न किया गया होता।

शेर शाह सूरी के दरबार के महत्वपूर्ण दरबारी ईसा ख़ां नियाजी को 1547-48 ईस्वी में हुमायूँ का मकबरा परिसर में अष्टकोणीय उद्यान प्रांगण में दफनाया गया था। अत: यह माना जाता है कि 180 वर्ष पहले खान जहान जुनान शाह तिलंगानी के मकबरे से आरंभ हुआ अष्टकोणीय मकबरे की शैली (स्टाइल) ईसा ख़ां नियाजी के मकबरे के प्रांगण में समाप्त हो गयी। ईसा ख़ां का मकबरा कोटला मुबारकपुर में मुबारक शाह सैय्यद के प्रारंभिक पंद्रहवी शताब्दी के मकबरे से करीबी रूप से मिलता जुलता है। परंतु यह अधिक सजावटी है। इसमें मस्जिद के प्रवेश के लिए गढ़ित बलुए प्रस्तर (ड्रेस्ड सैंडस्टोन), की जटिल जालियॉ लगी हैं। मकबरे, मस्जिद के प्रवेश पर, और मेहराबों पर बड़ी संख्या में चीनी मिट्टी की टाइलों का प्रयोग किया गया है और सुसज्जित पलस्तर कार्य भी किया गया है। यह बादशाह हुमायूँ के मकबरे सहित मुगलकालीन बाग मकबरों से भी पहले का है। बाहरी उद्यान को निचले तल वाले बाग के रूप में उपयोग में लाया जाता था। यह भारत के निचले तल वाले बागों में से शायद सबसे पहला था। यह सिकंदरा, आगरा में शहंशाह अकबर के मकबरे से भी लगभग एक शताब्दी पूर्व बना था।

हुमायूं के मकबरे के चारदीवारी वाले प्रांगण में एक छोटा सा मकबरा है, जिसे नाई का मकबरा कहा जाता है। इसे हुमायूं के मकबरे के अनुरूप बनाया गया है। परंतु जैसा कि नज़दीकी नीला गुंबद है वैसे ही यह भी हुमायूं के मकबरे से पहले का है और हुमायूं के मकबरे के बाग के भीतर स्थित है। सब जानते हैं कि शाही मुगल खानदान के लिए हुमायूं का मकबरा पवित्र स्थान था और विश्वास से कहा जा सकता है कि हुमायूं के मकबरे के निर्माण के पश्चात् इसके बाग की चारदीवारी के भीतर ऐसी अन्य छोटी-छोटी संरचना बनाने की अनुमति नहीं होगी। नाई के मकबरे का स्थापत्य विवरण भी बहुत स्पष्ट नहीं है और नीला गुंबद के समान इसकी शैली भी फारसी से स्थानीय हो गयी है, इसमें घियासुद्दीन तुग़लक के मकबरे के समान लाल-सफेद

रंगों की विषमता का प्रयोग किया गया है, तथापि इसका निर्माण विवरण अभी इतना स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हुमायूं के मकबरे का निर्माण पूर्व में यमुना नदी और पश्चिम में ग्रांड ट्रंक रोड के मध्य किया गया था। शहंशाह अकबर की देखरेख में वर्ष 1560 में बना हुमायूं का मकबरा 26 एकड़ के चारदीवारी वाले बाग के प्रांगण में स्थित है। यह मुगल शासनकाल के शानदार मकबरों में से एक है, जो मुगल वास्तुकला का पर्याय थे। मुगलकालीन वास्तुकला लगभग 100 वर्ष बाद ताजमहल के रूप में अपने शीर्ष पर पहुॅची थी। हुमायूं के बाग-मकबरे को ''मुगलों का सहप्रांगण'' भी कहा जाता है क्योंकि इसके कक्षों में मुगल परिवार के लगभग 150 सदस्य दफन हैं।

हुमायूं का मकबरा किसी भी इस्लामिया क्षेत्र में बने मकबरों को छोटा सिद्ध करता है। हुमायूं के मकबरे से लगभग बीस वर्ष पहले निर्मित ईसा ख़ां का मकबरा इसके सामने मामूली जान पड़ता है। इससे पहले आगरा क्षेत्र से लाल बालू और सफेद संगमरमर (मार्बल) लाकर इतने बड़े पैमाने पर इतनी बड़ी इमारत कभी नहीं बनाई गई थी। फारसी कुल के मीरक मिर्जा घियाथ, जो आज के अफगानिस्तान के हेरात से आए थे, ने लाल-सफेद के वैषम्य का प्रयोग किया था। इसमें सफेद संगमरमर (मार्बल) जैसे चूना पलस्तर को प्रवेश पर उन स्थानों पर लगाया गया था जो पत्थर से आवृत्त (कवर) नहीं थे, जैसे निम्न आलों के सामने और चतुष्कोणीय मंडप के गुंबद पर।

जब हुमायूं का मकबरा बनाया जा रहा था तो इसकी पश्चिमी चारदीवारी के बाहर ही दो महत्वपूर्ण इमारतें- एक मकबरा और तीन खण्ड चौड़ी मस्जिद-अफसर वाला मकबरा और मस्जिद का भी निर्माण किया जा रहा था। यह ज्ञात नहीं है कि ये किसने बनवाए अथवा क्या ये अलग प्रांगण में खड़े थे? अरब सराय के उत्तर से कुछ सौ गज दूर एक और मुगल सराय थी- अज़ीमगंज, जहॉ आज सरकारी सुंदर नर्सरी है और जिसे इतिहास में अज़ीम बाग कहा जाता है। आज अज़ीमगंज सराय खंडहर है परंतु फिर भी यह महत्वपूर्ण मुगल कालीन संरचना है। यह संभव है कि अज़ीमगंज सराय, अरब सराय से भी पहले की हो। यदि ऐसा है तो यह दिल्ली में प्रारंभिक मुगल कालीन संरचना होगी।

प्रारंभिक मुगल काल और शहंशाह अकबर के शासन काल के दौरान हुमायूं के मकबरे के समान निजामुद्दीन क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण संरचनाओं का निर्माण किया गया, जिसमें अधिकतर मकबरे थे। ऐसे एक मकबरे में अतगा ख़ां का मकबरा था जो वहॉ उपस्थित था जब शेरशाह ने हुमायूं को पराजित किया था और उसने जंग के मैदान से भागने में शहंशाह की मदद की थी। अतगा ख़ां की पत्नी शहंशाह अकबर की धाय मॉ थी और अतगा ख़ां शहंशाह अकबर का वकील (चांसलर) बन गया। अतगा ख़ां का मकबरा 1566-67 ईस्वी में हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह के बेहद नजदीक बनाया गया। संगमरमर की टाइलों से सुसज्जित यह इमारत बेहद ख़ास है परंतु यहॉ कभी-कभार ही कोई पर्यटक आता है क्योंकि जिस प्रांगण में यह स्थित है, उसका अतिक्रमण कर लिया गया है।

अतगा ख़ां के पुत्र, मिर्ज़ा अजीज कोकलताश, जो शहंशाह अकबर का धाय भाई भी था, को 1623-24 ईस्वी में एक अद्‌वितीय संगमरमर के मकबरे में, उसके पिता के मकबरे के नजदीक ही दफनाया गया। इसके 64 संगमरमर के स्तंभों के कारण इसे चौसठ खम्भा कहा गया।

वर्ष 1642-43 ईस्वी में बने और सुंदर नगर के आवासीय इलाके के निर्माण के लिए 20वीं शताब्दी के अंत में तोड़े गए खास-महल का निर्माण शहंशाह अकबर के अन्य मुंह बोले भाई जैन खान कोका द्‌वारा करवाया गया था और यदि यह तोड़ा न गया होता तो वृहत्तर (ग्रेटर) निजामुद्दीन क्षेत्र में बने महल के रूप में प्रसिद्ध होता। 16वीं सदी/प्रारंभिक 17वीं सदी की संरचनाओं में प्रमुख है- बू हलीमा का बंद बाग मकबरा, बताशेवाला परिसर और सुंदरवाला परिसर। शहंशाह हुमायूं के भाई के पोते, मुजफ्फर हुसैन मिर्जा का मकबरा 1603 ईस्वी में बनाया गया और आज यह बड़ा बताशेवाला महल के नाम से प्रसिद्ध है। साथ ही बना 'सुंदरवाला महल' प्रत्येक दिशा में पांच अर्द्ध-गुंबद मोहरों वाले आठ कमरों से सुसज्जित चौकोर मकबरे का एकमात्र उदाहरण है। मुजफ्फर हुसैन मिर्जा के मकबरे के साथ ही एक और मकबरा है- छोटा बताशेवाला।

3.3 स्मारकों का विवरण (वास्तुकला विशेषताएँ, तत्व, सामग्री आदि):

i) हुमायूँ का मकबरा

यह विश्व विरासत स्थल है और मुगल वास्तुकला का प्रथम ठोस उदाहरण है। यहां दफन किए गए लोगों में हुमायूँ की दो बेगमें, दारा शिकोह, बाद के मुगल शहंशाह-जहाँदर शाह (1712-13), फर्रूखसियर (1713-19), रफी-उद्-दराजात (1719), रफी-उद्- दौला (1719) और आलमगीर -II (1754-59), शामिल हैं। अंग्रेजों ने वर्ष 1857 में यहाँ बहादुर शाह-II (1837-57) को बंदी बनाया था। यह मकबरा अकबर के काल की बहुत बड़ी परियोजना थी। मकबरे की चारदीवारी उत्तर से दक्षिण में 348.5 मीटर और पूर्व से पश्चिम में 431.4 मीटर है। उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी दिशा में यह 5.8 मीटर ऊँची पत्थर की दीवार से घिरा है। यह मकबरा बाग के मध्य स्थित है और मार्ग के मध्य में जलप्रवाह का प्रयोजन है। भारत में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में संगमरमर (मार्बल) और बलुआ पत्थर का प्रयोग किया गया था। साज-सज्जा में जड़ाऊ संगमरमर,पदक (मेडेलियन), गुंबद पर कलश, मंडप तथा बलुआ पत्थर की जालियों का प्रयोग किया गया।



Map Code- a21
Area – 1368900 sqft, Monument with garden enclosure
Location- Humayun's Tomb complex
Period – Mughal, 1565-66 AD
Function – Tomb
Ownership ASI
Date of Notification- 24th May, 1913

ii) ईसा ख़ां का मकबरा

यह छोटा सा मकबरा ऊँचे प्रवेश द्वार वाले उद्यान की चारदीवारी में स्थित है। उद्यान की चारदीवारी के उत्तरी कोनों में टाइल वाले मंडप है। चारदीवारी, प्रवेश द्वार, मस्जिद और मकबरा, सभी अक्षुण्ण हैं।



iii) बाग-ए-बू हलीमा (बू- हलीमा का बाग़)

यह छोटा सा मकबरा पूर्वी दिशा में ऊँचे प्रवेश द्वार वाले उद्यान की चारदीवारी में स्थित है। उद्यान की चारदीवारी के उत्तरी कोनों में टाइल वाले मंडप हैं।



iv) अफ़सर वाला मकबरा

यह मकबरा 16वीं सदी का है। मकबरा और मस्जिद साथ-साथ हैं।



v) अफसर वाला मस्जिद:

यह मस्जिद एकल इकाई गहरी है और माप 24 मीटर x 10.4 मीटर है। भवन में पहुँचने के लिए अग्रभाग के दोनों ओर सीढ़ियॉ हैं। केन्द्रीय कक्ष (चैंबर) में ऊँचा गुंबद छत का काम करता है जबकि कोनों की इकाईयॉ छोटे गुंबदों से बनी हैं। साज-सज्जा में गुंबद पर कलश शामिल हैं। मस्जिद के सम्मुख चबूतरे के ऊपर खुला सा गलियारा है, जिस पर कुछ जीर्ण-शीर्ण कब्रें भी हैं। मस्जिद के उत्तर में उससे मिला हुआ छोटा सा समकालीन हमाम है।



vi) सब्ज बुर्ज

इस आकर्षक भवन की अनोखी मध्य एशियाई विशेषता है। जबकि गुंबद की टाइलें नीली हैं, फिर भी इसे सब्ज बुर्ज (हरा बुर्ज) कहा जाता है। बाहर से मकबरा अष्टकोणीय है,जिसके चार चौड़े और चार सॅकरे पार्श्व हैं।, व्यापक अग्रभाग में गहरे ताक रूपी इकाई हैं, जिनमें

द्वार भी है। मकबरे के गुंबद का निचला भाग ऊँचा है, जिस पर अब भी मौलिक हरी, नीली और पीली टाइलें विद्यमान हैं। मकबरा चबूतरे पर खड़ा है और ऊपरी गुंबद में लकड़ी की कुछ बीमें अब भी बची हैं। प्रवेश द्वार के दरवाजों और ताक रूपी मेहराबों पर भी मौलिक लाल बहुरंगता (पॉलीक्रॉमी) देखी जा सकती है।



Map Code- a23
Area – 28356.01, Monument with traffic island
Location- East of Nizamuddin, Roundabout at the insertion of Mathura Road and Lodhi Road
Period – Early Mughal
Function – Tomb
Ownership ASI
Date of Notification- 3rd Jun, 1916



vii) खान-ए-खाना का मकबरा

मिर्जा अब्दुर्रहीम ख़ान-ए-ख़ाना अकबर के राज्य प्रतिनिधि बैरम खान का पुत्र था। वह चार साल का था जब उसके पिता का कत्ल कर दिया गया। तत्पश्चात शहंशाह ने उसे अपनी पनाह में ले लिया।

Map Code- a28
Area – 40052, Building plinth
Location- Nizamuddin East
Period – Mughal 1626-27
Function – Tomb
Ownership ASI
Date of Notification- 20th Mar, 1916



उसे 5,000 लोगों का भार सौंपा गया। अकबर की मृत्यु के बाद उसने 21 वर्ष जहाँगीर की सेवा की, परंतु इसमें उसे कम सफलता मिली। यह मकबरा, प्रत्येक ओर 17 मेहराबों पर 4.1 मीटर ऊँचे और 50.6 वर्ग मी. के चबूतरे पर बना है। दक्षिण की ओर मध्य मेहराब ख़ान-ए-ख़ाना की कब्र वाले केंद्रीय तहखाने का प्रवेश द्वार है। छत के मध्य में बना हुआ मकबरा बाहर से 26.3 वर्ग मी. का है। प्रत्येक दिशा का अग्रभाग बड़ी-बड़ी मेहराबों से बना है। इस केन्द्रीय खण्ड में दोनों तलों पर छोटे मेहराबदार ताक हैं। ऊँचे उठे हुए केंद्रीय खण्ड में विशाल दोहरा गुंबद है जिसके चार कोनों में अष्टकोणीय छत्रियाँ हैं। आखिर के मुगलकाल के दौरान, मकबरे और गुंबद का सफेद संगमरमर हटा दिया गया, जिसे बाद में सफदरजंग के मकबरे में काम में लाया गया।



viii) अरबसराय, इंद्रपत

अरब की सराय का निर्माण वर्ष 1562 में हाजी बेगम द्वारा 300 कारीगरों के लिए करवाया गया था। यह एक बड़ी सराय है जिसकी चारदीवारी में मेहराबदार कमरे हैं। ये भवन बेहद खराब हालत में हैं।



ix) नीला गुंबद

यह प्रारंभिक मुगल कालीन संरचना नदी के द्वीप पर स्थित थी। इसके चार दीवारी वाले बाग के पूर्वी हिस्से में 19वीं सदी में रेलवे लाइन बिछा दी गई और दक्षिणी प्रवेश द्वार भी नष्ट हो चुका है।

Map Code- a22
Area – 94611.32 sqft
Location- East of Humayun's;s Tomb Complex, north of the railway station
Period – Mughal 1624-25 AD
Function – Tomb
Ownership ASI
Date of Notification- 24th May, 1913

x) अरब की सराय के पूर्वी प्रवेश द्वार जिसके सामने हुमायूं का मकबरा है।

ये प्रवेश द्वार हुमायूं के मकबरे के परिसर के दक्षिण की ओर स्थित हैं। ये जहॉंगीर के शासन काल के कुछ भवनों में से एक है। अरब की सराय से जुड़े प्रवेश द्वार में आयताकार ढॉंचे (फ्रेम) में बंद आलेदार-मेहराब है। प्रवेश द्वार के ऊपर मुंडेर है। प्रवेश द्वार मूल रूप से मंडी या बाजार का प्रवेश था। इसकी साज-सज्जा में पलस्तर अलंकरण और मुंडेर शामिल है।



Map Code- a9
Area – 2881.28 sqft, Building plinth
Location- South of Humayun's Tomb complex, Nizamuddin east
Period – Mughal, 1560-61 AD
Function – Gateway
Ownership ASI
Date of Notification- 8th Jul, 1913

xi) अरब सराय का उत्तरी प्रवेश द्वार जो पुराना किला की ओर है।



Map Code- a10
Area – 4362.18 sqft, Building Plinth
Location- Humayun's Tomb complex near Arab Sarai village
Period – Mughal 1560-61 AD
Function – Gateway
Ownership ASI
Date of Notification- 8th Mar, 1913

प्रारंभिक मुगल प्रवेश द्वार हुमायूं के मकबरे का समकालिक है। उत्तर की ओर प्रवेश द्वार 12मी. ऊँचा,7.5 मी. चौड़ाऔर 6.1 मी. गहरा है। ऊँचे ढाँचे (फ्रेम) में एक आलेनुमा मेहराब है, जिसके अंदर भी खुला स्थान है। खुले स्थान में धनुषाकार द्वार है, जो 4.8 मी. ऊँचा और 3मी. चौड़ा है। इसकी साज-सज्जा में मेहराब के स्कंधों में पदक (मेडेलियन), अलंकरण में काचित (ग्लेज्ड) टाइलें शामिल हैं।

सुंदर नर्सरी

xii) सुंदरवाला महल

यह एक प्रारंभिक मुगल मकबरा है जो सुंदरवाला बुर्ज सहित 225 मी. X186 मी. चारदीवारी से घिरा है। मकबरा पत्थर से बना है और आयताकार है, जिसके कोने कटे हुए हैं। मध्य में मेहराब वाला भूमिगत कक्ष है। इस कक्ष के चारों ओर बरामदा है जिसके चारों कोनों में पाँच मेहराबें रही होंगी। केन्द्रीय दक्षिणी मेहराब पर दो सीढ़ियाँ हैं जो छत की ओर जाती हैं। छत पर 9.5 वर्ग मी. का अधिष्ठान (प्लेटफार्म) है, जिस पर शायद कोई और संरचना भी थी।

Map Code- a13
Area – 6,724 sqft
Location- North east of Sunderwala Burj, Sunder Nursery
Period – Early Mughal
Function – Tomb
Ownership ASI
Date of Notification- 14th Dec, 1927



xiii) सुंदर वाला बुर्ज



Map Code- a12
Area – 3,844 sqft
Location- North of Humayun's Tomb, Sunder Nursery
Period – Early Mughal
Function – Tomb
Ownership ASI
Date of Notification- 14th Dec, 1927

यह एक प्रारंभिक मुगल मकबरा है, जो कभी एक विशाल अहाते में सुंदरवाला महल के साथ स्थित था, अब पौधा घर (नर्सरी) का हिस्सा है। गुंबद वाला मकबरा 4.4 वर्ग मी. का है। अंदरूनी दीवारों के साथ-साथ बाहर से भी नाटे और मोटे गुंबद को उत्कीर्ण करके पलस्तर से सजाया गया है। सभी चारों दिशाओं से खुला है। साज सज्जा में उत्कीर्ण किया हुआ पलस्तर, बाहरी दीवार पर आले, कुरान शिलालेख के पट्टे शामिल हैं। यहां किसी कब्र के चिन्ह नहीं मिले हैं।

xiv) लक्कड़ वाला बुर्ज

यह मकबरा एक चबूतरे पर स्थित है जिसके प्रत्येक ओर आलेदार मेहराबें हैं। यह इमारत 5.9 वर्ग मी. की है और प्रत्येक ओर बड़े-बड़े आलेदार मेहराबें हैं जो छोटे से प्रवेश द्वार को घेरे हुए हैं। साज-सज्जा में भीतरी छत पर महीन गचकारी (स्टूको) पलस्तर का अलंकरण और कुरान के शिलालेख शामिल हैं। ऐसा लगता है कि यहाँ चार कब्रें थीं, तीन एक साथ मध्य में है और एक उत्तरी छोर पर। इनमें से केवल आखिरी ही विद्यमान है जो बेहद जीर्ण-शीर्ण है। पश्चिमी मेहराब के पास छोटा गुंबददार कक्ष है जिसे मूल भवन के साथ बाद में जोड़ा गया है।



Map Code- a11
Area – 33,600 sqft
Location- Sunder Nursery
Period – Early Mughal
Function – Tomb
Ownership - ASI
Date of Notification- 14th Dec, 1927

बताशेवाला परिसर

xv) अज्ञात मकबरा

इस वर्गाकार गुंबद वाले मकबरे में प्रत्येक ओर आलेदार मेहराब के साथ महीन उत्कीर्ण पलस्तर का काम किया गया है। रीसेस्ड (आले के समान) मेहराब के भीतर समतल मेहराब का प्रवेश द्वार है जिसके ऊपर छोटी मेहराबदार खुली जगह है। गुंबद पर अजीब सा क्रॉस के आकार का कलश है। साज-सज्जा में भीतरी छत पर रंगलेप वाला पलस्तर अलंकरण और बेहद अलंकृत, महीन पलस्तर सज्जा शामिल है। भवन के भीतर कोई कब्र नहीं है परंतु चारदीवारी में टीलों पर दो अज्ञात कब्रें हैं। मकबरे के इर्द-गिर्द लघु मेहराबदार पत्थर की चिनाई युक्त दीवार है जिसमें दक्षिणी ओर मकबरे के बाग में जाने के लिए सीढ़ियाँ हैं।

Map Code- a6
Area – 1,024 sqft
Location- Ghiaspur, Batashewala complex
Period – Mughal
Function – Tomb
Ownership - ASI
Date of Notification- 21st Jun, 1924

xvi) छोटा बताशेवाला

बंद उद्यान के मध्य और मिर्जा के मकबरे के ठीक पूर्व में एक अष्टकोणीय मकबरे के अवशेष हैं।

Map Code- a1
Area – 6,300 sqft
Location- Ghiaspur, Batashewala complex
Period – Mughal
Function – Tomb
Ownership - ASI
Date of Notification- 21st Jun, 1924

xvii) बड़ा बताशेवाला

यह शहंशाह हुमायूँ के भाई के पोते, मुजफ्फर हुसैन मिर्जा का मकबरा है, जिसका विवाह शहंशाह अकबर ने अपनी सबसे बड़ी पुत्री सुल्ताना खानम से 1093 ए.एच. (1682 सी.ई.) में करवाया था। मकबरा ऊंचे अधिष्ठान (प्लेटफार्म) पर स्थित है तथा कुल 29.25 वर्ग मी. का है। इसके प्रत्येक ओर पॉच मेहराबें हैं। अंदरूनी दीवार उत्कीर्ण पलस्तर से अलंकृत है। साज-सज्जा में आंतरिक भाग में उत्कृष्ट रंगदार पलस्तर शामिल है। मकबरा एक घिरे उद्यान में स्थित है जिसकी मेहराबदार चारदीवारी है।

हुमायूं का मकबरा-सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक समूह में स्मारकों की ऊँचाई

क्रम संख्या	आई डी	स्मारक	ऊँचाई (लगभग)
1.	a1	छोटा बताशेवाला महल	4.00 मी.
2.	a4	बड़ा बताशेवाला महल	4.34 मी.
3.	a6	अज्ञात मकबरा घियासपुर में	10.40 मी.
4.	a7	अरब सराय इंद्रपत में	8.10 मी.
5.	a8	अरब सराय के प्रवेश द्वारों के अवशेष और अरब सराय के निकट अबादी बाग-ए-बू हलीमा	7.50 मी.
6.	a9	अरब की सराय के पूर्वी प्रवेश द्वार जिसके सामने हुमायूं का मकबरा है	7.50 मी.
7.	a10	अरब सराय का उत्तरी प्रवेश द्वार जो पुराना किला कि ओर है।	11.50 मी.
8.	a11	लक्कड़ वाला मकबरा इंद्रपत रियासत (एस्टेट) में	11.81 मी.
9.	a12	सुंदरवाला बुर्ज इंद्रपत रियासत (एस्टेट) में	6.15 मी.
10.	a13	सुंदरवाला महल इंद्रपत रियासत (एस्टेट) में	4.44 मी.
11.	a14	अफसरवाला की मस्जिद, दालानों और पक्के दरबार सहित	14.30 मी.
12.	a21	हुमायूं का मकबरा	23.00 मी.
13.	a22	नीला गुंबद, निजामुद्दीन	15.85 मी.
14.	a23	नीली छत्री, सब्ज बुर्ज	8.34मी.
15.	a24	अफसरवाला का मकबरा	
16.	a25	ईसा ख़ां का मकबरा	15.10 मी.
17.	a28	खान-ए-खाना का मकबरा	13.10 मी.

तालिका 3: स्मारकों की ऊँचाई

3.4 वर्तमान स्थिति

3.4.1 स्मारकों की स्थिति, स्थिति का मूल्यांकन:

हुमायूं का मकबरा-बताशेवाला-सुंदर नर्सरी स्मारक समूह के सभी स्मारक अच्छी स्थिति में है।

3.4.2 दैनिक पदार्पण व कभी - कभार जुटने वाली भीड़:

दैनिक पर्यटक और समय-समय पर एकत्र की गई संख्या नीचे दी गई है:

	क्रम संख्या	स्मारक	रोज आने वाले पर्यटकों की संख्या	टिप्पणी
हुमायूँ का मकबरा	1.	हुमायूं का मकबरा	3143(स्रोत: भा.पु.स., 2015-16)	हुमायूं के मकबरे के परिसर के भीतर सभी स्मारक
	2.	ईसा ख़ां का मकबरा		
	3.	बाग-ए-बू हलीमा		
	4.	अफसरवाला मकबरा		
	5.	अफसरवाला मस्जिद		
	6.	सब्जबुर्ज		यातायात (ट्रैफिक) केमध्य बिना टिकट वाला।
	7.	खान-ए-खाना का मकबरा	अभी अलग से टिकिट लगता है	
	8.	अरब सराय इंद्रपत में		आई.टी.आई.द्वारा आवाजाही का ध्यान रखा जाता है।अंदर पर्यटकों की अनुमति नहीं।
	9.	नीला गुंबद		बिना टिकि टवाला
	10.	अरब की सराय के पूर्वी प्रवेश द्वार जिसके सामने हुमायूं का मकबरा है		हुमायूं के मकबरे के परिसर के भीतर
	11.	अरब सराय का उत्तरी प्रवेश द्वार जो पुराना किला की ओर है।		हुमायूं के मकबरे के परिसर के भीतर
सुंदर नर्सरी	12.	सुंदरवाला महल		सुंदर नर्सरी के भीतर।नर्सरी के कारण आवा-जाही पर नियंत्रण। बिना टिकट वाला
	13.	सुंदरवाला बुर्ज		
	14.	लक्कड़वाला बुर्ज		
बताशे वाला परिसर	15.	अज्ञात मकबरा		बिना टिकिट वाला
	16.	छोटा बताशेवाला		बिना टिकिट वाला
	17.	बड़ा बताशेवाला		बिना टिकिट वाला

तालिका 4: स्मारकों पर प्रतिदिन आने वाले पर्यटकों की संख्या

3.5 राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एन.एम.ए.) वर्गीकरण:

हुमायूं का मकबरा स्मारक समूह को 'यूनेस्को की विश्व विरासत सांस्कृतिक स्थल सूची में दिए गए संरक्षित स्मारकों/पुरातात्विक स्थलों" में वर्ग - I में वर्गीकृत किया गया है। विश्व विरासत संपत्ति सीमा के लिए संलग्नक- III में मानचित्र- 4 देंखे।

अध्याय IV

स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में, यदि कोई है, तो विद्यमान क्षेत्रीयकरण

4.0 विद्यमान क्षेत्रीयकरण

- स्मारकों की अवस्थिति का आसपास के स्थलों के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और इसे शहर की मुख्य योजना (मास्टर प्लान) और क्षेत्र नियोजन (जोनल प्लान) में स्पष्ट किया गया है। मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021 में इसे दिल्ली के छह विरासत क्षेत्र (जोन) में से एक माना गया है।

- दिल्ली विकास प्राधिकरण के क्षेत्र नियोजन (जोनल प्लान)-डी में 52 स्मारकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें से 23 हुमायूं के मकबरे के उप-मंडल में हैं।

- हुमायूं का मकबरा, सुंदर नर्सरी और बताशेवाला परिसर के सभी 17 संरक्षित स्मारक दक्षिण दिल्ली नगर निगम के वार्ड 55-S में आते हैं। वार्ड, 489 हैक्टेयर में फैला है। वार्ड, नक्शे (मैप) में वार्ड सं. 55-S का बड़ा भाग प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र (जोन) है, इसका 17.28% अथवा 84.5 हैक्टेयर आवासीय क्षेत्र है। अधिकतर भूमि (55%) मनो विनोद के लिए उपयोग में लाई जाती है। जनगणना 2001 के अनुसार, वार्ड में 8966 घर हैं और कुल जनसंख्या 44843 है। वार्ड योजनाओं अथवा स्थानीय क्षेत्र योजनाओं को बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेन्सी) है। अंतिम रूप दिए जाने पर ये योजनाएं प्रत्येक वार्ड में विकास का आधार बनेंगी।

- 240 हेक्टेयर विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र (जोन) हैं तथा केवल 8% क्षेत्र,वार्ड 55-S से बाहर है। 240 हैक्टेयर में से विनियमित क्षेत्र का 32% आवासीय है। वार्ड में आवासीय उपयोग के 84 हैक्टेयर में से 78 हैक्टेयर स्मारक के आसपास विनियमित/प्रतिषिद्ध क्षेत्र (जोन) में आता है। अत: प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 (ए.एम.ए.एस.आर अधिनियम 1958) के विनियमों से वार्ड की आवासीय जनसंख्या का 90% प्रभावित होगा।

- वार्ड के विवरण के लिए संलग्नक- III के मानचित्र-10 का संदर्भ ग्रहण करें।

क्रम संख्या	**भूमि का उपयोग**	**वार्ड क्षेत्र (एरिया) (वर्ग मी.)**	**वार्ड क्षेत्र (एरिया) का प्रतिशत**
1.	आवासीय	84.5	17.28
2.	सरकारी	5.8	1.24
3.	सार्वजनिक-अर्द्धसार्वजनिक	13.7	2.8
4.	मनोरंजन	269	55
5.	सड़क और परिवहन	73.4	15
6.	जन सुविधाएं	7.2	1.47
7.	अज्ञात	35.3	7.21

तालिका 5: वार्ड स्तर पर भूमि उपयोग का ब्यौरा

4.1 "दिल्ली मुख्य योजना (मास्टर प्लान)" 2021 के वर्तमान दिशा-निर्देश संलग्नक- I में देखे जा सकते हैं।

अध्याय V

प्रथम अनुसूची, और टोटल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना

प्रथम अनुसूची, नियम 21 (1) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा स्पष्ट की गई सीमाओं के आधार पर प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों के टोटल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार सूचना

5.0 हुमायूँ का मकबरा - सुंदर नर्सरी-बताशेवाला स्मारक समूह की समोच्च योजना (कंटूरप्लान)

हुमायूँ का मकबरा, सुंदर नर्सरी और बताशेवाला परिसर में स्मारकों के विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र (जोन) में बने हुए क्षेत्र की वर्तमान ऊंचाई (2014 के अनुसार) पर विस्तृत सूचना संलग्नक-III में दिए गए मानचित्र 5और 6 द्वारा प्रदान की गई है। इसमें प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों का विस्तृत भूमि उपयोग तथा सभी स्मारकों के प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र (जोन) के अंतर्गत आवृत्त (कवर) किए गए कुल क्षेत्र का ब्यौरा भी मानचित्र 7और 8 में दिया गया है। मानचित्र में क्षेत्र के अन्य असंरक्षित और राज्य संरक्षित स्मारकों के साथ-साथ सभी कालोनियों और बने हुए क्षेत्र को सूचीबद्ध किया गया है। सभी हरित क्षेत्र और पेड़-पौधों, सड़कों, संस्थागत और आवासीय भवनों तथा पार्किंग क्षेत्र (एरिया) का सर्वेक्षण कर उसे मानचित्रों में दर्शाया गया है।

5.1 सर्वेक्षण किए गए विवरण (डाटा) का विश्लेषण:

5.1.1प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र का विवरण

	क्र.सं.	नाम	प्रतिषिद्ध क्षेत्र (वर्ग मी.)	विनियमित क्षेत्र (वर्ग मी.)
हुमायूं का मकबरा	1	हुमायूं का मकबरा	179457	540142
	2	ईसा ख़ां का मकबरा	77551	341979
	3	बाग-ए-बू हलीमा	79862	347683
	4	अफसर वाला मकबरा	36356	261209
	5	अफसर वाला मस्जिद	93067	394959
	6	सब्ज बुर्ज	49611	2887717
	7	खान-ए-खाना का मकबरा	55811	303823
	8	अरब सराय इंद्रपत में	142487	451496
	9	नीला गुंबद	68975	327121
	10	अरब की सराय के पूर्वी प्रवेश द्वार जिसके सामने हुमायूं का मकबरा है	38854	266190
	11	अरब सराय का उत्तरी प्रवेश द्वार जो पुराना किला की ओर है।	40742	269794
सुंदर नर्सरी	12	सुंदरवाला महल	41136	271370
	13	बुर्ज	38653	266139
	14	लक्कड़वाला बुर्ज	53381	298393
बताशेवाला परिसर	15	अज्ञात मकबरा	112194	411253
	16	छोटा बताशेवाला	40021	268537
	17	बड़ा बताशेवाला	46339	280991

तालिका 6: स्मारकों के चारों ओर प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र

5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण

निजामुद्दीन पूर्व, निजामुद्दीन पश्चिम, निजामुद्दीन बस्ती और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन का कुछ भाग हुमायूं का मकबरा परिसर के प्रतिषिद्ध क्षेत्र में आता है। इसी प्रकार, निजामुद्दीन बस्ती, सुंदर नगर, डी.पी.एस. मथुरा रोड स्कूल और सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) की भूमि के कुछ भाग सुंदर नर्सरी और बताशेवाला परिसर स्मारकों के प्रतिषिद्ध क्षेत्र में आते हैं। अरब की सराय में स्थित आई.टी.आई.,एस.डी.एम.सी.की भूमि

और निजामुद्दीन पूर्वव पश्चिम शापिंग परिसर, गुरूद्वारा दमदमा साहिब, न्यू हॅराइजॅन स्कूल के सामने की मस्जिद पूरी तरह से स्मारक समूहों के प्रतिषिद्ध क्षेत्रों में आते हैं।

निजामुद्दीन बस्ती, निजामुद्दीन पूर्व, निजामुद्दीन पश्चिम, नंगली राजापुर शहरी गाँव, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, डी.पी.एस. मथुरा रोड स्कूल और बारापुला नाला व भोगल के भाग विनियमित क्षेत्र में आते हैं। उत्तर में सुंदर नगर, चिड़ियाघर के भाग और पूर्वोत्तर में सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) की भूमि इसमें शामिल है।

5.1.3 हरित/खुले स्थलों का विवरण

अधिकतर स्मारक हरित प्रतिरोधक (बफर) से घिरे हैं। तथापि, कुछ स्मारक जैसे लक्कड़वाला, इंद्रपत में अरब सराय,घियासपुर में अज्ञात मकबरा, नीला गुंबद और यहां तक कि हुमायूं के मकबरे में भी इसकी चारदीवारी के भीतर निर्मित क्षेत्र हैं। जैसा कि क्षेत्रीय (जोनल) और मुख्य योजना (मास्टर प्लान) 2021 में दर्शाया गया है, हुमायूं का मकबरा, सुंदर नर्सरी और बताशेवाला परिसर डिस्ट्रिक्ट पार्क में बनाए गए हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल के दक्षिण में स्थित भूमि का बड़ा भाग भी सुंदर नर्सरी में स्मारकों के विनियमित क्षेत्र में आता है। सब्ज बुर्ज चौराहे के साथ स्थित अमीर खुसरो पार्क में मुक्त हरित क्षेत्र पर गैर कानूनी अतिक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। नीला गुंबद के नजदीक,निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के साथ खुले क्षेत्र के कचरे को गैर-कानूनी ढंग से भरा जा रहा है।

5.1.4 परिसंचरण सड़कों, पैदलपथों आदि के अंतर्गत आवरण क्षेत्र

सब्ज बुर्ज के चौराहे से हुमायूं का मकबरा - बताशेवाला और सुंदर नर्सरी स्मारक समूह तक पहुंचने में कई समस्याएं हैं। पर्यटको के भ्रमण की व्यस्ततम अवधि में स्मारक की पार्किंग तक जाने वाली सड़क अवरूद्ध रहती है क्योंकि यह न केवल स्थल का पार्किंग क्षेत्र (एरिया) है बल्कि न्यू हराइजन स्कूल और गुरूद्वारे का भी पार्किंग क्षेत्र (एरिया) है।

5.1.5 भवनों की ऊँचाई क्षेत्र वार (जोन वार)

विनियमित और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में सभी भवनों की ऊँचाइयॉ संलग्नक-III के मानचित्र 5 और 6 में दर्शाई गई हैं। प्रतिषिद्ध क्षेत्रों में ऊँचाई, भूतल निर्मित भवन अर्थात् 4 मी. से 13 मी. तक है। विनियमित क्षेत्रों में कुछ भवनों की ऊँचाई 19-20 मी. तक है। ये भवन अधिकतर निजामुद्दीन बस्ती में हैं। सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) की भूमि के छोर पर एक दूरसंचार (टेलीकॉम) टावर है जो हुमायूॅ का मकबरा और घियासपुर के अज्ञात मकबरे के 100 मी. में स्थित है।

5.1.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के भीतर राज्य संरक्षित स्मारक और यदि उपलब्ध हो तो स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध भवन:

निजामुद्दीन क्षेत्र में राज्य संरक्षित दो स्मारक हैं। दिल्ली में राज्य संरक्षित स्मारकों में 50 मीटर का प्रतिरोधक (बफर) है जिसके बीच में किसी नए निर्माण की अनुमति नहीं है। सैय्यद यासीन मकबरे पर आगा खाँ संस्कृति न्यास (ए.के.टी.सी.) द्वारा संरक्षण कार्य किया गया है और अज़ीमगंज सराय का संरक्षण कार्य आरंभ हो गया है। कृपया संलग्नक- **III** में मानचित्र 9 देखें।

पहचान	**स्मारक**	**राजपत्र के अनुसार क्षेत्र**	**ग्रेड/ संरक्षण**	**स्थान**	**कार्य**	**स्वामित्व**
S1	सैय्यद यासीन का मकबरा	उपलब्ध नहीं	राज्य संरक्षित	आई.टी. आई. अरब सराय	मकबरा	राज्य पुरातत्व विभाग
S2	अजीमगंज सराय	उपलब्ध नहीं	राज्य संरक्षित	दिल्ली चिड़ियाघर, सुंदर नर्सरी के उत्तर में	सराय परिसर	राज्य पुरातत्व विभाग

तालिका 7 : **राज्य संरक्षित स्मारक**

5.1.7 जन सुविधाएँ:

“हुमायूं का मकबरा” में सार्वजनिक शौचालय, पेयजल और छोटा अल्पाहार विक्रय फलक (काउंटर) उपलब्ध है जबकि, “सुंदर नर्सरी” और “बताशेवाला परिसर” के अन्य स्थलों पर ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। दक्षिणी प्रवेश द्वार को स्मारक पर प्रदर्शनी के लिए उपयोग में लाया जाता है। “हुमायूं का मकबरा” और “खान-ए-खाना का मकबरा” पर टिकट विक्रय केंद्र (काउंटर) उपलब्ध हैं।

